# सौर ऊर्जा संयंत्र से सालाना एक मेगावाट होगा उत्पादन

जासं, गाजियाबाद: आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के सचिव श्रीनिवास कटिकिथला ने रविवार को रिजनल रैपिड ट्रांसिट सिस्टम के दिल्ली-गाजियाबाद- मेरठ कारिडोर का दौरा किया। उन्होंने गाजियाबाद आरआरटीएस के सौर ऊर्जा संयंत्र का उद्घाटन किया। यह सौर ऊर्जा संयंत्र कारिडोर का सबसे बड़ा संयंत्र है। इससे सालाना एक मेगावाट सोलर ऊर्जा का उत्पादन होगा। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम वर्तमान में चार मेगावाट की सौर ऊर्जा उत्पादन क्षमता कर सालाना 4,100 टन कार्बनडाइ आक्साइड के उत्सर्जन में कमी ला रहा है।

आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के सचिव ने दौरे की शुरुआत न्यू अशोक नगर आरआरटीएस स्टेशन से की। उन्होंने आरआरटीएस कारिडोर के दिल्ली खंड के परिचालन की शुरुआत के लिए की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। एनसीआरटीसी द्वारा कई निर्माण चुनौतियों का सामना करते हुए उन्होंने कहा कि एक व्यापक पारगमन केंद्र का निर्माण किया जा रहा है। न्यू अशोक नगर और आनंद विहार आरआरटीएस स्टेशन मल्टीमाडल एकीकरण का उदाहरण हैं, जो प्रभावी रूप से दिल्ली मेट्रो और उनके आसपास के अन्य परिवहन माध्यमों से निर्बाध रूप से जोड़ेंगे। उन्होंने नमो भारत ट्रेन में यात्रा कर यात्री केंद्रित सुविधाओं का अनुभव किया। आरआरटीएस परियोजना में उपयोग की जा रही अत्याधुनिक तकनीकों के बारे में जानकारी की।



गाजियाबाद आरआरटीएस स्टेशन की सौर ऊर्जा संयंत्र का उद्घाटन करते आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के सचिव श्रीनिवास कटिकिथला ● सौ. एनसीआरटीसी